सच कहने की ताकत

साप्ताहिक समाचार पत्र

# जालंधर ब्रीज

जल है तो कल है

www.jalandharbreeze.com • JALANDHAR BREEZE • WEEKLY • YEAR-4 • 17 FEBRUARY TO 23 FEBRUARY 2023 • VOLUME 31 • PAGE-4 • RATE-3.00/- • RNI NO.: PUNHIN/2019/77863

**प्रेरणा**

"बड़ा इंसान वो नहीं जो औरों पर अपना रोब दिखाये, बल्कि बड़ा इंसान वो है जो औरों को छोटा महसूस ही ना होने दे।"

Lic No : 933/ALC-4/LA/FN:1184

INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE

CONSULTING | DESIGN | TRAINING

ISO CERTIFIED 2015 COMPANY

✓ STUDY ✓ WORK ✓ SETTLE IN ABROAD

Low Filing Charges &

*Pay Money after the visa

•IELTS •STUDY ABROAD

CANADA AUSTRALIA USA U.K SINGAPORE EUROPE

E-mail : hr@innovativetechin.com • Website : www.innovativetechin.com • FB/Innovativetechin • Contact : 9988115054 • 9317776663

REGIONAL OFFICE : S.C.O No. 10 Gopal Nagar, Near Batra Palace, Jal. HEAD OFFICE : S.C.O No. 21-22, Kuldip Lal Complex, Highway Plaza GT Road, Adjoining Lovely Professional University. Phagwara.

*T&C apply

# विधायक का करीबी 4 लाख रुपये रिश्वत लेते काबू

• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़

मुख्यमंत्री पंजाब भगवंत मान सरकार द्वारा भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनाई गई जीरो टॉलरेंस नीति के तहत पंजाब विजीलैंस ब्यूरो द्वारा शुरू की गई रिश्वतखोरी विरोधी मुहिम के दौरान गुरूवार को बठिंडा में एक प्राइवेट वियक्ति रशीम गर्ग, निवासी समाना जिला पटियाला को 4 लाख रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा है जो ख़ुद को विधायक अमित रतन कोटफत्ता का नज़दीकी बताता है।

गुरूवार को यहां यह जानकारी देते हुए विजीलैंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि उपरोक्त आरोपी को गांव घुदा, ब्लॉक संगत, जिला बठिंडा की सरपंच सीमा रानी के पति प्रीतपाल कुमार की शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि उक्त सरपंच और उनके पति ने विजीलैंस ब्यूरो से संपर्क किया और आरोप लगाया कि उक्त आरोपी ने 15वें वित्त आयोग के तहत ग्राम पंचायत को ब्लॉक समिति के माध्यम से प्राप्त 25 लाख रुपये का सरकारी अनुदान बीडीपीओ से रिलीज़ करवाने के बदले 5 लाख रुपये की रिश्वत की मांग की है लेकिन वह इस काम के लिए रिश्वत नहीं देना चाहती लेकिन उसने पहली किस्त के रूप में उससे जबरन 50 हजार रुपये ले लिए और बार-बार रिश्वत की शेष राशि की मांग कर रहा है।

उक्त शिकायत की प्रारंभिक जांच के बाद विजीलैंस ब्यूरो ने जाल बिछाया और शिकायतकर्ता से दूसरी किश्त के रूप में 4 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए दो सरकारी गवाहों की उपस्थिति में रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में उक्त आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत विजीलैंस ब्यूरो के बठिंडा थाने में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गयी है।

### 'मुझे व पार्टी को बदनाम करने की साजिश'



विधायक अमित रतन कोटफत्ता ने कहा कि उनका रेशम सिंह से कोई संबंध नहीं है। वह उनका पीए भी नहीं है। जिसने भी रिश्वत ली है, उसके खिलाफ तुरंत एक्शन लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा शुरू किए गए भृष्टाचार विरोधी अभियान के साथ चट्टान की तरह खड़े हैं। अमित रतन ने कहा कि वह पुलिस प्रशासन से अपील करते हैं कि इस मामले की निष्पक्ष जांच की जाए।

### आम आदमी पार्टी नेताओं के एकाएक असली चेहरे आने लगे सामने : अश्वनी शर्मा



**चंडीगढ़.** भारतीय जनता पार्टी पंजाब के प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने विजिलेंस पुलिस द्वारा रिश्वत लेते हुए बठिंडा के आप विधायक अमित रतन तथा उसके पीए रेशम सिंह को पकड़े जाने पर भगवंत मान सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि, आम आदमी पार्टी की पंजाब सरकार के नेताओं के असली चेहरे जनता के सामने आने लगे हैं। अश्वनी शर्मा ने कहा कि पंजाब में भगवंत मान सरकार द्वारा सत्ता संभालने के बाद अब तक 11 महीनों में दो कैबिनेट मंत्री विजय इंदर सिंगला तथा फौजा सिंह सरारी बर्खास्त किए जा चुके हैं जिन्हें खुद मुख्यमंत्री भगवंत मान ने रिश्वत मामले मे बर्खास्त किया था। अश्विनी शर्मा ने कहा कि रिश्वत तथा भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने का दावा करने वाली पंजाब की भगवंत मान सरकार के मंत्रियों तथा विधायकों के रिश्वत लेते हुए पकड़े जाने से यह बात स्पष्ट हो गई है कि यह लोग जनता को लूटने का काम कर रहे हैं और इससे पंजाब की छवि फिर धूमिल हुई है।

## माइनिंग को लेकर मजीठिया का पंजाब सरकार पर हमला, सीबीआई जांच की मांग

• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़

माइनिंग को लेकर बिक्रम सिंह मजीठिया ने पंजाब सरकार पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने



भगौड़े करार दिए गए राकेश चौधरी के नाम पर पंजाब सरकार पर तीखा निशाना साधा है। मजीठिया ने कहा कि पंजाब में दिल्ली के शराब घोटाले से भी से भी बड़ा स्कैम हुआ है, जिसकी सी.बी.आई. जांच होनी चाहिए।

वहीं आम आदमी पार्टी(आप) ने अकाली नेता बिक्रम सिंह मजीठिया के माइनिंग आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि 'आप' सरकार बेहद सख्ती के साथ माफियाओं से निपट रही है। खनन माफियाओं के खिलाफ अब तक 84 एफआईआर दर्ज किए जा चुके हैं। आप प्रवक्ता नील गर्ग ने पार्टी मुख्यालय से जारी एक बयान में खनन के आरोपों को खारिज किया और कहा कि पिछली सरकारों ने राकेश चौधरी को खनन का ठेका दिया था हमने नहीं। आप सरकार ने तो सरकार बनने के तुरंत बाद ही उसका अनुबंध रद्द कर दिया, लेकिन राकेश चौधरी ने अनुबंध रद्द करने के खिलाफ हाईकोर्ट से स्टे ले लिया।

गर्ग ने कहा कि मजीठिया झूठे आरोपों से पंजाब के लोगों को गुमराह कर रहे हैं। अब तक पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने खनन पर रोक लगा रखी है। लेकिन आप सरकार जल्द ही एक नई खनन नीति लाएगी।

## त्रिपुरा असेंबली के लिए मतदान संपन्न, 81% हुई वोटिंग, नतीजे 2 मार्च को

**त्रिपुरा :** त्रिपुरा में गुरूवार को कड़ी सुरक्षा के बीच विधानसभा चुनाव के लिए वोट डाले गए। हालांकि, कई हिस्सों में मतदान के दौरान हिंसा के खबर भी आई। मतदान सुबह 7:00 बजे से शुरू हुआ शाम 4:00 बजे तक राज्य में 81% मतदान दर्ज किया गया। त्रिपुरा में विधानसभा की कुल 60 सीटें हैं। इन 60 विधानसभा सीटों के लिए 259 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। 259 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में बंद हो गई है। त्रिपुरा चुनाव के नतीजे 2 मार्च को आएंगे। चुनाव के दौरान अलग-अलग हिंसा की घटनाओं में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के एक नेता और वामदल के दो पोलिंग एजेंट सहित कम से कम 3 व्यक्ति के घायल होने की भी खबर है। त्रिपुरा में फिलहाल भाजपा की सरकार है। माणिक साहा त्रिपुरा के मुख्यमंत्री हैं। इस बार मुख्य मुकाबला भाजपा और लेफ्ट गठबंधन के बीच है। दोनों ओर से जीत के दावे किए जा रहे हैं। त्रिपुरा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए 31000 मतदान कर्मी तैनात किए गए थे। साथ ही साथ 25000 सुरक्षाबलों की भी तैनाती हुई थी। मुख्यमंत्री माणिक साहा ने अगरतला में वोट डाला। उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा विधानसभा में पूर्ण बहुमत हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी को पिछली बार की तुलना में अधिक सीटें मिल सकती हैं। पूर्व मुख्यमंत्री माणिक सरकार भी अगरतला में ही वोट डालने पहुंचे थे।

राज्यसभा सदस्य और पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब ने विश्वास जताया कि भाजपा राज्य की 60 में से 40 सीटें जीतेगी। उन्होंने कहा, 'त्रिपुरा में बड़े पैमाने पर जनादेश देने की परंपरा रही है। भाजपा-आईपीएफटी गठबंधन ने 2018 के चुनावों में 44 सीटें जीती हैं, वाम मोर्चा ने 2002 में 40 से अधिक सीटें जीती थीं।' पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, 'पूर्वोत्तर राज्य ने पिछले पांच वर्षों में सभी मोर्चों पर बड़े पैमाने पर विकास देखा है- शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य सेवा तक, बुनियादी ढांचे तक। मुझे यकीन है कि लोग 40 से अधिक सीटों पर हमारे उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करके भाजपा को आशीर्वाद देंगे।'

## निक्की की हत्या के ठीक बाद साहिल ने डिलीट किए सारे चैट



**नई दिल्ली.** निक्की यादव की हत्या के केस में गुरुवार को नया खुलासा हुआ। आरोपी साहिल गहलोत ने निक्की की हत्या करने के बाद उसके मोबाइल से सारे चैट डिलीट कर दिए थे। दिल्ली पुलिस ने कहा, "आरोपी साहिल गहलोत ने हमें बताया कि उसने उत्तम नगर वाले घर को 23 वर्षीय निक्की यादव की हत्या से 15 दिन पहले छोड़ दिया था, लेकिन उसकी 9 फरवरी को सगाई होने के बाद वो फिर से निक्की के घर गया और रात को वहीं ठहरा।' पुलिस अफसर ने बताया कि निक्की ने गोवा जाने का प्लान बनाया और टिकट भी बुक कर ली, लेकिन जब वो ट्रैवलिंग ऐप से साहिल की टिकट करने लगी तो नहीं हुई। इस कारण दोनों ने हिमाचल प्रदेश जाने का तय किया।

न्यूज एजेंसी के मुताबिक, पुलिस ने बताया कि हिमाचल प्रदेश जाने को लेकर निक्की और आरोपी साहिल गहलोत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन पहुंचे, लेकिन यहां पता लगा कि आनंद विहार टर्मिनल से बस मिलेगी। इसके बाद जब दोनों आनंद विहार पहुंचे तो बताया गया कि कश्मीरी गेट से हिमाचल के लिए बस मिलेगी।

पुलिस सूत्रों ने कहा कि निक्की और साहिल ने कश्मीरी गेट जाने के लिए गूगल मैप का इस्तेमाल कर दिलशाद गार्डन वाला रास्ता लिया, लेकिन निगम बोध घाट के बाहर दोनों के बीच में लड़ाई हो गई। इस कारण साहिल ने उसकी हत्या कर दी। इसके बाद एक तरफ मृतक निक्की का शव पड़ा था और दूसरी ओर साहिल उसके चैट डिलीट कर रहा था। इसके बाद वो जनकपुरी, पश्चिम विहार होते हुए अपने मित्रांव गांव पहुंचा।

## पृथ्वी शॉ के साथ सेल्फी लेने पर बवाल, गाड़ी की तोड़फोड




**मुंबई.** मुंबई में एक पांच सितारा होटल के बाहर क्रिकेटर पृथ्वी शॉ के दोस्त की कार पर हमला करने के आरोप में ओशिवारा पुलिस ने बुधवार को आठ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया। शॉ के दोस्त आशीष सुरेंद्र यादव द्वारा दी गई शिकायत के अनुसार, पहले शॉ को ले जा रही कार पर बेसबॉल के बल्ले से हमला किया गया, फिर आरोपी ने कार का पीछा किया और पैसे नहीं देने पर झूठे मुकदमे की धमकी दी। ओशिवारा पुलिस ने घटना के बाद आठ लोगों पर मामला दर्ज किया है।

पृथ्वी शॉ सांताक्रूज के एक पांच सितारा होटल में डिनर के लिए गए थे। तभी दो लोग क्रिकेटर के पास सेल्फी लेने के लिए आये। शॉ ने सेल्फी दे दी। आरोपी सेल्फी लेने पर और जोर देने लगा। अन्य आरोपियों के साथ सेल्फी लेने को कहा। शॉ ने इस बार यह कहते हुए मना कर दिया कि वह दोस्तों के साथ खाना खाने आए हैं और परेशान नहीं होने चाहते। शिकायत के मुताबिक जब उन्होंने जोर दिया तो पृथ्वी के दोस्त ने होटल के मैनेजर को फोन किया और उनकी शिकायत की। मैनेजर ने आरोपियों को होटल से जाने को कहा। इस घटना से उन्हें गुस्सा आ गया और जब शॉ और उनका दोस्त खाना खाकर होटल से बाहर निकले तो कुछ लोग बेसबॉल बैट लेकर होटल के बाहर खड़े थे। पृथ्वी के दोस्त की कार, एक बीएमडब्ल्यू में तोड़फोड़ की गई। आरोपी ने वाहन के आगे और पीछे की खिड़कियों को तोड़ने के लिए बेसबॉल के बल्ले का इस्तेमाल किया।

## 470 नहीं 840 विमान खरीदेगी एयर इंडिया, कंपनी ने बताई सौदे की डिटेल



**नई दिल्ली.** यूएसए के बोइंग और फ्रांस के एयरबस के साथ एयर इंडिया का ऐतिहासिक 470-प्लेन सौदा और भी बड़ा हो सकता है क्योंकि टाटा समूह के स्वामित्व वाले विमान के पास 10 वर्षों के दौरान अतिरिक्त 370 जेट खरीदने का विकल्प है। एयर इंडिया ने एयरबस और बोइंग को 840 विमानों का ऑर्डर दिया है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को बताया कि इस सौदे में 370 विमान खरीदने का विकल्प भी शामिल है। एयर इंडिया के मुख्य वाणिज्यिक और रूपांतरण अधिकारी निपुन अग्रवाल ने एक लिंक्डइन पोस्ट में कहा कि एयरलाइन द्वारा विमान खरीदने के लिए दिए गए ऑर्डर से दुनिया भर में दिख रहे उत्साह को लेकर कंपनी विनम्र है। उन्होंने बताया कि दो साल पहले एयर इंडिया के निजीकरण के साथ शुरू हुई प्रक्रिया के तहत 840 विमानों का यह ऑर्डर दिया गया है।

उन्होंने कहा, ऑर्डर के तहत अगले दशक में एयरबस और बोइंग से 470 विमान खरीदे जाएंगे, जबकि इसमें 370 विमान खरीदने का विकल्प शामिल है। यह आधुनिक विमानन इतिहास में किसी एयरलाइन द्वारा दिए गए सबसे बड़े विमान ऑर्डरों में से एक होगा। अधिकारी ने कहा कि भारतीय विमानन उद्योग के लिए यह ऑर्डर एक ऐतिहासिक क्षण है। इससे एक दिन पहले एयरलाइंस ने कहा था कि उसने 470 विमानों के लिए एक ठेका दिया है, जिसमें से एयरबस से 250 विमान और बोइंग से 220 विमान खरीदे जाएंगे।

उन्होंने कहा, हमने सीएफएम इंटरनेशनल (सीएफएम), रोल्स-रॉयस और जीई एयरोस्पेस के साथ इंजनों के दीर्घकालिक रख-रखाव के लिए करार भी किया है।

### केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने शिमला दूरदर्शन केंद्र की 24 घंटे प्रसारण सेवा का उद्घाटन किया, बोले-

# देश और दुनिया के कोने-कोने तक पहुंचेगी हिमाचल की संस्कृति, डीटीएच पर भी उपलब्ध होगा डीडी हिमाचल

• जालंधर ब्रीज.शिमला

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा कार्य व खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने गुरूवार को दूरदर्शन के डीडी हिमाचल चैनल की 24 घंटे प्रसारण सेवाओं का शुभारंभ किया। पीटरहॉफ शिमला से अनुराग ठाकुर ने हिमाचल के लोगों को डीडी हिमाचल चैनल की 24 घंटे प्रसारण सेवा की सौगात दी। डीडी हिमाचल अब शिमला से 24 घंटे कार्यक्रमों और खबरों का प्रसारण करेगा। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह, उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, शिमला के सांसद श्री सुरेश कश्यप और प्रसार भारती के सीईओ गौरव द्विवेदी भी उपस्थित रहे।

सूचना प्रसारण मंत्री ने इस मौके पर बताया कि डीडी हिमाचल को 24 घंटे करने के लिए एक नया स्टूडियो भी बनाया गया है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इस चैनल के 24 घंटे प्रसारण होने से हिमाचल की संस्कृति देश और दुनिया के कोने-कोने तक पहुंचेगी और युवाओं और कलाकारों को मंच मुहैया होगा। इस अवसर पर ठाकुर ने कहा कि राज्य के निवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए यह सेवा विस्तारित की जा रही है।

उन्होंने कहा कि यह हिमाचल के लिए ऐतिहासिक दिन है, जब माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य में दूरदर्शन चैनल का 24 घंटे प्रसारण शुरू हो रहा है। उन्होंने कहा कि इसमें आधुनिक उपकरण लगाए गए हैं। डीडी हिमाचल डीटीएच पर भी उपलब्ध होगाऔर इस चैनल को केबल नेटवर्क के साथ साथ तमाम डी.टी.एच. प्लेटफार्म पर देखा जा सकेगा, जिसके माध्यम से प्रदेश की कला, संस्कृति, साहित्य, पर्यटन व धार्मिक स्थलों, खेल गतिविधियों तथा विभिन्न उपलब्धियों से संबंधित जानकारी देश और दुनिया तक पहुंचेंगी।



इस मौके पर अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि देश के सार्वजनिक प्रसारक के रूप में दूरदर्शन और आकाशवाणी देश के दूर-दराज क्षेत्रों में लोगों के लिए सूचना, शिक्षा, मनोरंजन और सहभागिता का सबसे महत्वपूर्ण साधन हैं। दूरदर्शन और आकाशवाणी ने कोविड महामारी के दौरान सार्वजनिक स्वास्थ्य संदेशों का प्रसारण किया और जनता को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वर्तमान में दूरदर्शन 36 टीवी चैनलों का संचालन करता है और ऑल इंडिया रेडियो 500 से अधिक प्रसारण केंद्रों को चलाता है। उन्होंने कहा कि इस चैनल के माध्यम से हिमाचल प्रदेश में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा और इसके लिए राज्य के पर्यटन विभाग के साथ मिलकर काम किया जाएगा। साथ ही, हिमाचल प्रदेश के लोक संगीत को भी एक बेहतरीन मंच प्राप्त होगा, जिसके लिए दूरदर्शन के प्रसिद्ध कार्यक्रम चित्रहार की तर्ज पर हिमाचली संगीत पर कार्यक्रम प्रसारित किया जाए। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि हिमाचल प्रदेश के बहुत से लोग रोजी-रोटी कमाने के लिए देश के भिन्न-भिन्न राज्यों व विदेशों में रहते हैं और इन लोगों की बहुत समय से मांग थी कि वे अपने प्रदेश के जुड़े कार्यक्रमों व समाचारों को देख सुन सकें।

अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि इस चैनल के माध्यम से देश की आजादी में भूमिका निभाने वाले देवभूमि के स्वतंत्रता सेनानियों तथा सेना में सेवाएं देने वाले वीर सैनिकों के साहस की शौर्य गाथाएं भी प्रस्तुत की जाएंगी। उन्होंने कहा कि डीडी हिमाचल पर आधे-आधे घंटे के तीन समाचार बुलेटिन प्रसारित किए जाएंगे। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह का कार्यक्रम में पधारने पर स्वागत किया और प्रदेशवासियों को डीडी हिमाचल की सेवाएं चौबीस घंटे उपलब्ध होने पर शुभकामनाएं दीं। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह ने लगभग 70 लाख आबादी वाले हिमाचल प्रदेश को 24 घंटे डीडी हिमाचल प्रसारण के लिए केंद्रीय मंत्री का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार में हिमाचल प्रदेश से संबंध रखने वाले मंत्री हैं, इसलिए यह सेवा शुरू हो पाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार राज्य के विकास के लिए प्रतिबद्ध है, जिसके लिए केंद्र सरकार का सहयोग आवश्यक है।

इस मौके पर प्रसार भारती के सीईओ गौरव द्विवेदी ने सभी अतिथियों का कार्यक्रम में पधारने पर स्वागत किया। उन्होंने बताया कि डीडी हिमाचल के माध्यम से प्रदेश के युवाओं और कलाकारों मंच मुहैया करवाया जायेगा। उन्होंने कहा कि उम्मीद ही नहीं पूरा विश्वास है कि डीडी हिमाचल चैनल नए अंदाज में राज्य की अपेक्षाओं पर खरा उतरेगा। डीडी हिमाचल की लगातार कोशिश रहेगी कि यहां की स्थानीय प्रतिभाओं को, यहां के लोगों की भावनाओं को इस चैनल के माध्यम से बखूबी अभिव्यक्त किया जाए।

कार्यक्रम में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल, कृषि मंत्री चंद्र कुमार, राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, विधायकगण, केंद्रीय व राज्य सरकार तथा दूरदर्शन के वरिष्ठ अधिकारी तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# खुल गया है दिल्ली का खूबसूरत गार्डेन



## वीकेंड पर बना लें घूमने का प्लान

TRAVELING

राष्ट्रपति भवन में बने मुगल गार्डन का नाम बदलकर अमृत उद्यान कर दिया गया है। जिसे आम लोगों के देखन के लिए 31 जनवरी से ही खोल दिया गया है। इस वीकेंड पर जाने का बना लें प्लान।



• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

वीकेंड आने से पहले ही कहीं ना कहीं घूमने का प्लान बन जाता है। अगर आने वाले संडे को बीबी कहीं चलने की फरमाइश कर रही है तो उसे ले जाएं मुगल गार्डेन। अभी हाल ही में राष्ट्रपति भवन में बने इस गार्डन का नाम बदलकर अमृत उद्यान कर दिया गया है। फरवरी महीने में इस उद्यान को आम लोगों के देखने के लिए खोल दिया जाता है। हर साल से अलग इस साल ये उद्यान पूरे दो महीने तक खुला रहेगा। जहां पहुंचकर आप खूबसूरत और रंग-बिरंगे फूलों को देख सकते हैं।

### बेहद खूबसूरत है ये गार्डन

दिल्ली ही नहीं विदेशों से आने वाले सैलानी भी अमृत उद्यान को देखने जरूर जाते हैं। राष्ट्रपति भवन के बगीचों ईस्ट लॉन, सेंट्रल लॉन, लांग गार्डन, सर्कुलर गार्डन को आम लोगों को देखने के लिए खोला जाता रहा है। साथ ही इसमे और भी उद्यान को शामिल कर दिया गया है। पहले ये गार्डन मात्र एक महीने के लिए खुलता था लेकिन इस साल सैलानियों के लिए पूरे दो महीने खुला रहेगा।

### जरूरी है बुकिंग

अमृत उद्यान को देखने के लिए पहले से बुकिंग करनी पड़ेगी। वैसे यहां पर टिकट नहीं लगते लेकिन बुकिंग के जरिए लोगों को स्लॉट दिया जाएगा इस गार्डन को देखने के लिए। राष्ट्रपति भवन की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर बुकिंग आसानी से की जा सकती है।

### क्या है टाइमिंग

अमृत उद्यान सुबह 10 बजे से लेकर 5 बजे तक खुला रहता है। हालांकि 4 बजे के बाद किसी को भी एंट्री नहीं मिलती है। अगर आप वीकेंड पर प्लान नहीं बना पाएं तो जान लें कि सोमवार के दिन ये गार्डन बंद रहता है। तो पहले सी प्लानिंग कर लेने में ही भलाई है।

FASHION+

# निक्की तंबोली सज गईं नई नवेली दुल्हन जैसी लेकिन बोल्डनेस जरा भी नहीं हुई कम

निक्की तंबोली का लेटेस्ट फोटोशूट सामने आया है। जिसमे वो भारी-भरकम गहने और सिल्क की साड़ी पहनकर रेडी हैं लेकिन ब्लाउज की गहरी नेकलाइन निक्की को बेहद बोल्ड बना रही है।



• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

बिग बॉस 14 से निक्की तंबोली ने जमकर लाइमलाइट बटोरी थी। वहीं अब सोशल मीडिया पर अक्सर निक्की बोल्ड एंड ब्यूटीफुल लुक्स की फोटोज शेयर करती रहती हैं। जिसे उनके फैंस पसंद करते हैं। इस बार निक्की ने खूबसूरत साड़ी में फोटोज शेयर की है। जिसमे वो किसी नई नवेली दुल्हन के जैसे तैयार हुई हैं। हालांकि उनके इस लुक में बोल्डनेस जरा भी कम नही हुई है।

### निक्की ने कराया मैगजीन के लिए फोटोशूट

निक्की तंबोली ने वेडिंग मैगजीन के लिए फोटोशूट करवाया है। जिसमे वो सिल्क की साड़ी पहनकर तैयार हैं। साड़ी में निक्की का अंदाज काफी गॉर्जियस दिख रहा है। आइवरी शेड की साड़ी पर डार्क मरून रंग का बॉर्डर बना है। जिस पर गोल्डन जरी का वर्क है। वहीं इस साड़ी के साथ निक्की ने भारी-भरकम गोल्ड की ज्वैलरी पहन रखी है।

### ब्लाउज की गहरी नेकलाइन बना रही बोल्ड

निक्की ने भले ही पूरी तरह से ट्रेडिशनल कपड़ों को पहनकर फोटोशूट करवाया हो। लेकिन उनकी बोल्डनेस जरा भी कम नहीं दिख रही। सिल्क की साड़ी के साथ मैचिंग के मरून शेड के ब्लाउज को पेयर किया गया है। जिसकी नेकलाइन पर गोल्डन जरी बॉर्डर लगा है। वहीं डीप प्लजिंग नेकलाइन का ये ब्लाउज निक्की को बेहद हॉट एंड सेक्सी बना रहा है।

### फैंस कर रहे तारीफें

निक्की के इस फोटोशूट को देखने के बाद उनके फैंस जमकर तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने सोशल मीडिया पर कमेंट किया है ट्रेडिशनल कपड़ों में अच्छी लगती है।



# बच्चों की डाइट में चुकंदर शामिल करना चाहते हैं तो इन तरह की डिश बनाएं



चुकंदर में ढेर सारे पोषक तत्व होते हैं। बच्चा अगर चुकंदर को खाने से मना कर रहा है तो अलग-अलग पांच तरह से इसे बच्चे की थाली में शामिल कर सकती हैं। जानें कौन से हैं तरीके।



• **जालंधर ब्रीज.** रेसिपी

चुकंदर में ढेर सारे न्यूट्रशन होते हैं। इसे खाने से खून की कमी दूर होती है और फाइबर, आयरन, मैग्नीशियम जैसे तत्व ढेर सारी मात्रा में मिल जाते हैं। ऐसे में चुकंदर को बच्चों की डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए। लेकिन इसका स्वाद बच्चों को नापसंद होता है।

अधिकतर लोग चुकंदर को कच्चे सलाद के रूप में खाने को देते हैं। जिसे खाने के लिए बच्चे क्या बड़े भी मुंह बना लेते हैं। अगर आप चुकंदर को बच्चों की डाइट में शामिल करना चाहती हैं तो इन पांच तरीकों को अपना सकती हैं।

### चुकंदर का जूस

- चुकंदर को खिलाने के लिए आप जूस निकालकर बच्चे को पिलाएं। इसे वो आसानी से पी लेंगे और ज्यादा टाइम भी नहीं लगेगा। चुकंदर के जूस में थोड़ी मात्रा में काला नमक डाल दें। इससे जूस का स्वाद बढ़ जाएगा।

### चुकंदर का पुलाव

- बच्चों को फ्राइड राइस खूब पसंद आता है। चावल को फ्राई करते समय इसमे चुकंदर को घिसकर मिला दें। इससे चावलों का रंग भी बदल जाएगा और बच्चे आसानी से खा लेंगे।

### चुकंदर का परांठा

- चुकंदर की फिलिंग वाले परांठे बच्चों के लिए तैयार कर सकती हैं। चुकंदर को घिस लें और साथ में गाजर, पनीर को मैश कर मिला लें। इस फिलिंग से तैयार परांठे बच्चे आसानी से खा लेंगे और उन्हें चुकंदर के जरूरी पोषक तत्व भी मिल जाएंगे।

### चुकंदर का रायता

- बच्चे और बड़े हर किसी के लिए चुकंदर का रायता बनाकर तैयार करें। इसे बनाने के लिए चुकंदर को ग्रेट कर उबाल लें। फिर इसे दही में फेंटकर काला नमक और भुने जीरे, लाल मिर्च और पुदीना की पत्तियों को मिलाकर सर्व करें।

### चुकंदर की खीर

- मीठा खाना पसंद करते हैं तो चुकंदर की खीर भी बना सकती हैं। चुकंदर को घिस कर घी में भून लें। फिर दूध में मिलाकर खीर तैयार करें। चुकंदर की खीर टेस्ट और न्यूट्रशन दोनों से भरपूर रहती है।

# क्या बच्चे की याद्दाश्त और सीखने की क्षमता को भी प्रभावित कर सकता है मीठा खाना?



PARENTING

• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

मीठा खाने का शौकीन जरूर होता है। माता पिता भी अन्नप्रासन से लेकर बच्चे की नाराजगी दूर करने तक के लिए मीठे का सहारा लेते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं जरूरत से ज्यादा मीठा बच्चे को देने से उनकी याद्दाश्त ही नहीं बल्कि सीखने की क्षमता भी प्रभावित हो सकती है। माता-पिता कैसे कर सकते हैं बच्चे की मीठा खाने की आदत को कंट्रोल।

जॉर्जिया यूनिवर्सिटी की रिसर्च बताती है कि शुगर का ज्यादा इस्तेमाल विशेषकर सीखने और याद्दाश्त से जुड़े अहम हिस्से हिप्पोकैम्पस पर नकारात्मक असर डालता है। वैज्ञानिकों ने चूहों पर प्रयोग कर शुगर के ज्यादा इस्तेमाल के नुकसान को साबित किया है। चूहों को प्रति दिन मीठा ड्रिंक्स का इस्तेमाल कराया गया। रिसर्च के दौरान पता चला कि आदत की वजह से बचपन में सीखने और याद्दाश्त के सामान्य काम पर नकारात्मक असर पड़ा।

**मोटापा :** कई माता-पिता सोचते हैं कि बच्चों में मोटापे का सबसे बड़ा कारण जंक फूड होता है, लेकिन बता दें कि शिशु में चीनी की मात्रा भी मोटापे का एक कारण बन सकती है। अगर किसी बच्चे का बॉडी मास इंडेक्स यानी BMI 95 प्रतिशत से अधिक होता है, तो उसे मोटापे से ग्रस्त मानते हैं।

**दांतों की समस्या :** अत्यधिक मीठा खाने की वजह से दांत जल्दी सड़ने लगते हैं। हालांकि, कई बार शरीर में जरूरी कुछ कैल्शियम की कमी के कारण भी दांतों में कैविटी की समस्या शुरू हो सकती है।

**कमजोर इम्यूनिटी :** व्हाइट शुगर में कुछ और नहीं बल्कि रिफाइंड शुगर होती है जिसमें घातक केमिकल मिले होते हैं जो बच्चों के लिए नुकसानदायक है। सफेद शक्कर का ज्यादा सेवन करने से बच्चे की इम्यूनिटी कमजोर पड़ने लगती है, जिससे बच्चों को संक्रमण और अन्य बीमारियां घेरने लगती हैं। स्टडी में साफ बताया गया है कि जो माता-पिता बच्चों को मीठा खिलाने की आदत डालते हैं, उन बच्चों को आगे चल कर हार्ट की बीमारी का रिस्क रहता है।

# वेट लॉस ही नहीं हाई बीपी को भी रखता है कंट्रोल पत्तागोभी का जूस



HEALTH+

ये एंटी-ऑक्सीडेंट से भी भरपूर होती है। जो वेट लॉस से लेकर बीपी कंट्रोल और इम्यूनिटी बूस्ट करने तक में बेहद मददगार है।

• **जलंधर ब्रीज.** हेल्थ

पत्तागोभी में विटामिन के, विटामिन सी, विटामिन ई, विटामिन बी6, फोलेट के साथ पोटेशियम, कैल्शियम, मैग्नीशियम, आयरन, फास्फोरस, ज़िंक, सोडियम, कोलिन, नियासिन, राइबोफ्लेविन, थायमिन और मैंगनीज जैसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। इतना ही नहीं ये एंटी-ऑक्सीडेंट से भी भरपूर होती है। जो वेट लॉस से लेकर बीपी कंट्रोल और इम्यूनिटी बूस्ट करने तक में बेहद मददगार है।

### इम्यूनिटी करें बूस्ट

पत्तागोभी में विटामिन सी मात्रा अच्छी होती है। विटामिन सी इम्यूनिटी को मजबूत बनाए रखने में मदद करता है। ऐसे में अगर आप भी अपनी इम्यूनिटी को मजबूत बनाए रखना चाहते हैं तो अपनी डाइट में रोजाना शामिल करें पत्तागोभी का जूस।

### ब्लड प्रेशर रखें कंट्रोल

पत्तागोभी में मौजूद पोटैशियम की अच्छी मात्रा शरीर में बढ़े हुए सोडियम को कम करने में मदद करती है। ऐसे में पत्तागोभी जूस का रोजाना सेवन करने से ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद मिल सकती है।

### हार्मोंस बनाए रखें संतुलित

पत्तागोभी का जूस पीने से शरीर में हार्मोंस का संतुलन सही तरीके से बना रहता है। पत्तागोभी का जूस खासतौर पर थायरॉइड ग्लैंड को रेगुलेट और मॉनिटर करके हार्मोन प्रोडक्शन को बढ़ाता है। यदि आपको आयोडीन की कमी है, तो आप इस जूस का सेवन कुछ दिन जरूर करें। आयोडीन हाइपो या हाइपरथायरॉइडिज्म होने की संभावनाओं को कम करता है।

### वेट लॉस

पत्तागोभी का जूस पीने से आप हाई ब्लड प्रेशर, मोटापा, गैस प्रॉब्लम, पाचन संबंधित समस्याओं से भी बचे रह सकते हैं। वजन कम करने के लिए पत्तागोभी का इस्तेमाल सूप के तौर पर करना बेहतर होता है। इसके सेवन से पेट जल्दी भरता है और बार-बार भूख का एहसास नहीं होता है।

### कोलेस्ट्रॉल के लिए

पत्तागोभी जूस का सेवन करने से कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद मिल सकती है। इसमें पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो एलडीएल यानि खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करता है।

### कैसे बनाएं पत्तागोभी जूस

जूस को बनाने के लिए पत्तागोभी को काटकर साफ पानी में धो लें। एक ब्लेंडर में पत्तागोभी और थोड़ा पानी डालकर अच्छे से ब्लेंड कर लें। अब इसे एक छलनी की मदद से छान लें। छाने हुए जूस में आप चाहे तो स्वाद के लिए शहद और नींबू मिला सकते हैं। जूस में काला नमक का इस्तेमाल भी किया जा सकता है। आपका पत्तागोभी का जूस बनकर तैयार है।

# जम्मू-कश्मीर में मिले लीथियम के भंडार से पूरी दुनिया में क्या बदल जाएगा?

*इतनी भारी मात्रा में लिथियम मिलने से नॉन फेरस मेटल के क्षेत्र में अब भारत की निर्भरता दूसरे देशों से कम होने की उम्मीद है। ऐसे में सवाल है कि आखिर इससे देश को कितना फायदा मिलेगा? हमें और आपको इसका क्या लाभ मिलेगा? चीन इससे क्यों परेशान हो रहा है? आइए जानते हैं....*

• **जालंधर ब्रीज.** नई दिल्ली

जम्मू कश्मीर में लिथियम का भंडार मिला है। इसकी क्षमता 59 लाख टन है। भारत में पहली बार इतनी बड़ी मात्रा में लीथियम मिला है। बताया ये भी जा रहा है कि यह दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा लिथियम भंडार हो सकता है। इतनी भारी मात्रा में लिथियम मिलने से नॉन फेरस मेटल के लिए अब भारत की निर्भरता दूसरे देशों से कम हो जाने की उम्मीद है।

जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया यानी GSI ने 59 लाख टन लिथियम की पहचान जम्मू-कश्मीर के रियासी में की है। लिथियम एक तरह का रेअर एलिमेंट है। जिसका इस्तेमाल मोबाइल-लैपटॉप, इलेक्ट्रिक व्हीकल (EV) समेत दूसरे चार्जेबल बैटरियों को बनाने में किया जाता है।

यानी प्रौद्योगिकी के विकास के लिए लिथियम एक जरूरी एलिमेंट है। लिथीयम मिलने पर खनन मंत्रालय ये कहा था कि इतने बड़े पैमाने पर मिलना उभरती प्रौद्योगिकी के लिए मील का पत्थर साबित होगा। सरकार ऑस्ट्रेलिया और अर्जेंटीना से लिथियम सहित दूसरे खनिजों को सुरक्षित करने के लिए कई कदम पहले ही उठा चुकी है। केंद्रीय भूवैज्ञानिक प्रोग्रामिंग बोर्ड की 62वीं बैठक में भी लिथियम के इस्तेमाल और इसकी बढ़ती जरूरत पर चर्चा की जा चुकी है।

ऐसे में इसके भंडार का पता लगाना भारत को इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने दिशा में बड़ा कदम है।

### भारत इन देशों से करता है लिथियम का आयात

लिथियम का सबसे बड़ा भंडार चिली में 93 लाख टन का है। ऑस्ट्रेलिया में 63 लाख टन, अर्जेंटीना में 27 लाख टन और चीन में 20 लाख टन लिथियम उत्पाद किया जाता है। भारत अपनी जरूरत का 96 फीसदी लिथियम आयात करता है। भारत चीन से सबसे ज्यादा लिथियम आयात करता है। जो पूरे आयात का 80 प्रतिशत है।

### हर साल लिथियम के आयात पर भारत खर्च करता है इतने रुपये




साल 2020 -21 के बीच भारत ने लिथियम ऑयन बैटरी के आयात पर 8,984 करोड़ रुपये खर्च किए थे। वहीं साल 2021-22 में लिथियम के आयात पर 13,838 करोड़ रुपये खर्च किए थे। भारत इस तरह के धातु के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लिए अर्जेंटीना, चिली, ऑस्ट्रेलिया और बोलिविया की खदानों में अपनी हिस्सेदारी खरीदने पर भी काम कर रहा है।

### लिथियम का भंडार मिलने से भारत को क्या होगा फायदा?

फिल्हाल भारत 96 प्रतिशत लिथियम का आयात अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, चिली, चीन, अर्जेंटीना और बोलीविया से करता है। इतने बड़े पैमाने पर लिथियम के निर्यात से भारत की काफी विदेशी मुद्रा खर्च होती है। लिथियम भंडार भारत में मिलने से भारत का विदेशी मुद्रा खर्च होने से तो बचेगी ही। साथ ही भारत लिथियम का निर्यात कर अपना राजस्व भी बढ़ा सकेगा।

### कितनी है लिथियम की कीमत?

मौजूदा समय में 1 टन लिथियम की कीमत करीब 57.36 लाख रुपये है। भारत में 59 लाख टन लिथियम का भंडार मिला है। ऐसे में आज के समय इसकी कीमत लगभग 3,384 अरब रुपये होगी। बता दें कि कमोडिटी मार्केट हर दिन मेटल की कीमत तय करता है।

### लिथियम भंडार मिलने से बैटरियों की कीमत पर क्या असर पड़ेगा

अगर भारत अपने भंडार से जरूरत के मुताबिक लिथियम का उत्पादन कर लेता है तो जाहिर है कि बैटरियों के दाम कम होंगे। साथ ही इलेक्ट्रिक वाहनों के दामों में भी कमी आ सकती है।

### भारत में मिले भंडार से चीन को हो सकता है नुकसान

दुनिया भर में इस्तेमाल होने वाली 10 लिथियम बैटरियों में से लगभग चार का इस्तेमाल चीन में हो रहा है। लिथियम की इंपोर्टेड बैटरियों का 77 प्रतिशत उत्पादन भी चीन में होता है। अब लिथियम मिलने पर अगर भारत ने लिथियम बैटरियां बनाना शुरू कर दिया तो चीन को बड़ा नुकसान होगा।

### जलवायु परिवर्तन को काबू करने के लिए पूरी दुनिया को है लिथियम आयन बैटरियों से उम्मीद

भविष्य में इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग बढ़ने वाली है। इलेक्ट्रिक वाहनों में लिथिमय आयन बैटरियों का ही इस्तेमाल किया जाता है। ऐसे में पूरी दुनिया को लिथियम बैटरियों से बड़ी उम्मीदें हैं। अगर भारत जरूरत के जितना लिथियम उत्पाद कर लेता है और दूसरे देशों में निर्यात करने लगे तो पूरी दुनिया में बढ़ रहा प्रदुषण और जलवायु परिवर्तन को काबू किया जा सकता है।


### लिथियम के मिलने से भारत के ये लक्ष्य भी होंगे पूरे

भारत ने साल 2070 तक अपने उत्सर्जन को पूरी तरह से इन्वॉरमेंट फ्रेंडली करने का संकल्प लिया है। इसके लिए इलेक्ट्रिक वाहन (EV) बैटरी में लिथियम का एक महत्त्वपूर्ण घटक के रूप होना जरूरी है।

सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी ऑफ इंडिया के मुताबिक देश को साल 2030 तक 27 GW ग्रिड-स्केल बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम की जरूर होगी, जिसके लिये भारी मात्रा में लिथियम की जरूरत होगी। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी यानी IEA का अनुमान है कि साल 2025 तक दुनिया को लिथियम की कमी का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में भारत में मिला लिथियम इस कमी को भी दूर करेगा।

### लिथियम बैटरी बनाने में भारत के सामने क्या होगी चुनौतियां?

सिर्फ लिथियम का भंडार मिलने भर से बैटरियां बनाना आसान नहीं होगा। लिथियम बैटरी बनाना एक बहुत ही जटिल प्रक्रिया है , जिसमें कई आधुनिक तकनीकों की जरूरत होती है। इसे आप इस तरह से समझ सकते हैं कि आस्ट्रेलिया जैसे देश में लिथियम का भंडार 63 लाख मीट्रिक टन का है लेकिन वहां पर लिथियम का उत्पाद 0.6 मिलियन टन ही है।



### क्या है लिथीयम

लिथियम (Li) एक नरम और चाँदी जैसी-सफेद धातु है। इसका इस्तेमाल रिचार्जेबल बैटरी के लिए सबसे ज्यादा किया जाता है। इस वजह से कभी-कभी इसे 'व्हाइट गोल्ड' के नाम से भी जाना जाता है।

### पहले लिथियम के इस्तेमाल को समझिए

*चाहे मोबाइल फोन हो या सौर पैनल, हर जगह महत्वपूर्ण खनिजों की जरूरत होती है। इसमें लिथियम एक जरूरी खनिज है।*

- लैपटॉप, मोबाइल जैसे गैजेट्स बनाने में लिथियम एक जरूरी घटक है।
- लिथियम का इस्तेमाल थर्मोन्यूक्लियर रिएक्शन में भी किया जाता है।
- लिथियम का इस्तेमाल एल्युमीनियम और मैग्नीशियम के साथ मिश्र धातु बनाने के साथ ही मिश्र धातुओं की कैपेसिटी बढ़ाने में भी किया जाता है।
- मैग्नीशियम-लिथियम मिश्र धातु का इस्तेमाल कवच बनाने के लिए भी किया जाता है।
- एल्युमीनियम-लिथियम मिश्र धातु का इस्तेमाल साइकिलों के फ्रेम , एयरक्राफ्ट और हाई-स्पीड ट्रेनों में भी किया जाता है।
- मूड स्विंग और बाइपोलर डिसऑर्डर जैसी बीमारियों के इलाज में भी लिथियम का इस्तेमाल किया जाता है।

# देश को जल्द मिलेगा नया पीएम हाउस, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने दूर की एक अड़चन

*• दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री एन्क्लेव के रास्ते में आ रही एक बड़ी अड़चन को आज दूर कर दिया है। इसके बाद माना जा रहा है कि देश को नया पीएम हाउस अब जल्द ही मिल सकता है।*

• **जालंधर ब्रीज.** नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री एन्क्लेव के रास्ते में आ रही एक बड़ी अड़चन को आज दूर कर दिया है। इसके बाद माना जा रहा है कि देश को नया पीएम हाउस अब जल्द ही मिल सकता है।

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में बन रहे नए पीएम हाउस 'प्रधानमंत्री एन्क्लेव' का रास्ता अब पूरी तरह साफ कर दिया है। दरअसल, केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) ने दिल्ली सरकार से परियोजना स्थल से 173 पेड़ों के हटाने की अनुमति मांगी थी। इसे आज केजरीवाल सरकार ने अपनी मंजूरी दे दी है।

बताया जा रहा है कि केजरीवाल सरकार ने सीबीडब्ल्यूडी के प्रस्ताव को इस शर्त पर मंजूरी दी है कि एजेंसी हटाए गए पेड़ों के बदले 10 गुना पौधारोपण करेगी।

बता दें कि, भले ही दिल्ली सरकार और केंद्र के बीच हर मुद्दे पर तनातनी बनी रहती है, लेकिन इस मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के समय पर हस्तक्षेप से परियोजना को गति देने में मदद मिली है।

अधिकारियों ने मंगलवार को कहा कि दिल्ली सरकार ने सेंट्रल विस्टा परियोजना के तहत प्रस्तावित एक्जीक्यूटिव एंक्लेव



की साइट से पेड़ हटाने के लिए सीबीडब्ल्यूडी को अनुमति दे दी है। उच्च सुरक्षा वाले लुटियंस दिल्ली में प्लॉट संख्या 36/38 में साउथ ब्लॉक के दक्षिण की ओर कार्यकारी एन्क्लेव आएगा।

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ), कैबिनेट सचिवालय, इंडिया हाउस और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय के आवास, कार्यकारी एन्क्लेव पर अनुमानित 1,189 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इंडिया हाउस का इस्तेमाल हैदराबाद हाउस की तरह उच्च स्तरीय वार्ता के लिए किया जाएगा, जहां वर्तमान में विभिन्न देशों के शीर्ष नेता दौरे के साथ वार्ता आयोजित की जाती है।

# पाकिस्तान में पहली बार, हिंदू महिला बनी असिस्टेंट कमिश्नर, 27 की उम्र में रचा कीर्तिमान

*• पाकिस्तान में पहली बार एक हिन्दू महिला को सिविल सर्विस पास करके असिस्टेंट कमिश्नर की जिम्मेदारी मिली है। इस महिला को पाकिस्तान में पहली हिंदू महिला सिविल सेवक भी कहा जा रहा है।*

• **जालंधर ब्रीज.** वर्ल्ड न्यूज

पाकिस्तान में पहली बार एक हिन्दू महिला को सिविल सर्विस पास करके असिस्टेंट कमिश्नर की जिम्मेदारी मिली है। इस महिला को पाकिस्तान में पहली हिंदू महिला सिविल सेवक भी कहा जा रहा है। उन्हें पहली पोस्टिंग पंजाब प्रांत के हसनअब्दाल शहर में मिली है। डॉ. सना रामचंद गुलवानी (27) साल 2020 में सेंट्रल सुपीरियर सर्विसेज (सीएसएस) परीक्षा पास करने के बाद पाकिस्तान प्रशासनिक सेवा (पीएएस) में शामिल हुईं थी।

डॉन अखबार के मुताबिक, डॉ. सना रामचंद्र गुलवानी पहली सफलता को लेकर काफी खुश हैं। उन्होंने अटॉक जिले के हसनाब्दाल शहर में असिस्टेंट कमिश्नर के रूप में पदभार ग्रहण किया है।

द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार ने कहा कि गुलवानी ने अपने पहले प्रयास में



परीक्षा पास की और हिंदू समुदाय के कई कार्यकर्ताओं के अनुसार, आजादी के बाद से परीक्षा पास करने वाली समुदाय की पहली पाकिस्तानी महिला हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि सना रामचंद सिंध प्रांत के शिकारपुर शहर में पली-बढ़ी और संघीय लोक सेवा आयोग में दाखिला लेने से पहले अपने माता-पिता की इच्छा पर डॉक्टर बनी थीं।

गुलवानी ने अपनी परीक्षा पास करने के बाद कहा, "मुझे नहीं पता कि मैं पहली हूं, लेकिन मैंने अपने समुदाय से किसी महिला को परीक्षा में शामिल होने के बारे में कभी नहीं सुना।"

# दिल्ली से ज्यादा दम घोट रही है मुंबई की हवा, बना दुनिया का दूसरा सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर

• **जालंधर ब्रीज.** मुंबई

*मुंबई ने पॉल्यूशन के मामले में दिल्ली को भी पीछे छोड़ दिया और इस तरह विश्व का दूसरा सबसे प्रदूषित शहर बन गया। अब दिल्ली एयर क्वालिटी के मामले में दुनिया का तीसरा सबसे प्रदूषित शहर है।*

अब तक पॉल्यूशन की राजधानी बनी रही दिल्ली से ये 'तमगा' छिन गया है। दिल्ली के बदले अब मुंबई दुनिया का दूसरा सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर बन गया है।

स्विस एयर ट्रैकिंग इंडेक्स IQAir (एक वास्तविक समय अंतरराष्ट्रीय वायु गुणवत्ता मॉनिटर) के अनुसार, दुनिया के सबसे प्रदूषित शहर की लिस्ट में 29 जनवरी से 8 फरवरी के बीच मुंबई दूसरे स्थान पर था। 29 जनवरी को, IQAir रैंकिंग में मुंबई 10वें स्थान पर रहा। बाद में मुंबई 2 फरवरी से 8 फरवरी को दूसरे स्थान पर रहा।

13 फरवरी को मुंबई, दिल्ली को पीछे छोड़ते हुए विश्व का दूसरा सबसे प्रदूषित शहर बन गया। अब दिल्ली एयर क्वालिटी के मामले में दुनिया का तीसरा सबसे प्रदूषित शहर है।

अमेरिकी वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) मानकों के मुताबिक, 'हेल्दी', 'अनहेल्दी' और 'हैजार्डस' के लेवल में भारत की एयर क्वालिटी को कैटिगराइज किया गया है। सीपीसीबी के आंकड़ों के मुताबिक, इस साल नवंबर और जनवरी के बीच मुंबई में 'खराब' और 'बेहद खराब' एयर क्लालिटी दर्ज की गई।



### कैसे घुला मुंबई की हवाओं में जहर?

विशेषज्ञों के अनुसार, कारों, सड़कों और कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट से लगातार धूल और धुएं का उत्सर्जन एयर क्वालिटी के बिगड़ने का प्रमुख कारण है। इसके अलावा ला नीना प्रभाव, प्रशांत महासागर की सतह के तापमान में असामान्य कमी ने पश्चिमी तट पर हवा की गति को कम कर दिया है, जिससे पोल्यूटेंट को फैलने में मदद मिली।

NEERI और IIT-B के 2020 के शोध के अनुसार, मुंबई की हवा में 71% से अधिक पार्टिकुलेट मैटर लोड का कारण सड़क या कंस्ट्रक्शन की धूल है। कारखानों, बिजली संयंत्रों, हवाई अड्डों और कचरे के ढेर से बाकी पोल्यूटेंट का निर्माण होता है।

# अमेरिका के मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी में घुसे नकाबपोश ने चलाई गोलियां, कम से कम 3 मरे

*अमेरिकी के मिशिगन में देर रात स्टेट यूनिवर्सिटी में एक बंदूकधारी ने घुसकर अंधाधुंध गोलियां चला दी। इस हमले में कम से कम तीन लोग मारे गए हैं और पांच लोग घायल बताये जा रहे हैं।*

• **जालंधर ब्रीज.** वर्ल्ड न्यूज

अमेरिकी के मिशिगन में पिछले दिनों देर रात स्टेट यूनिवर्सिटी में एक बंदूकधारी ने घुसकर अंधाधुंध गोलियां चला दी। इस हमले में कम से कम तीन लोग मारे गए हैं और पांच लोग घायल बताये जा रहे हैं। इस घटना के बाद यूनिवर्सिटी में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में पहुंची पुलिस टीम ने भी जवाबी गोलीबारी की लेकिन, बंदूकधारी फरार होने में कामयाब रहा। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि उसकी तलाश की जा रही है। बताया जा रहा है कि उसने यूनिवर्सिटी के यूनियन भवन और बर्की हॉल दो जगहों पर गोलीबारी की थी।

विश्वविद्यालय पुलिस के अंतरिम उप प्रमुख क्रिस रोज़मैन ने कहा कि दो स्थानों पर गोलीबारी की गई। बर्की हॉल और मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी के यूनियन भवन में। घटना सोमवार रात आठ बजे की बताई जा रही है। घटना के तीन घंटे बाद संवाददाताओं को जानकारी देते हुए रोजमैन ने कहा कि अज्ञात बंदूकधारी ने दोनों स्थानों पर ताबड़तोड़ फायरिंग करना शुरू कर दिया था। दोनों जगहों पर घायल और मृतक अवस्था में लोग पाए गए हैं। इस घटना में कम से कम तीन लोगों की मौत की पुष्टि हुई है जबकि पांच लोग घायल बताये जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि बंदूकधारी की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने भी जवाबी फायरिंग की।



कुछ घंटों तक यूनिवर्सिटी परिसर गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंजता रहा। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, संदिग्ध नकाब पहने हुए था और छोटे कद का एक व्यक्ति बताया जा रहा है। हालांकि वह भागने में सफल रहा है। उसकी तलाश की जा रही है।

मिशिगन की स्टेट यूनिवर्सिटी में हुई गोलीबारी ने 30 नवंबर, 2021 को मिशिगन में ही ऑक्सफोर्ड हाई स्कूल में हिंसा की याद ताजा कर दी है। ईस्ट लांसिंग से लगभग 80 मील पूर्व में हुई इस गोलीबारी में 15 वर्षीय छात्र ने अपने ही सहपाठियों पर अंधाधुंध गोलियां चलाई थी। इस हमले में चार छात्रों की मौत हो गई थी और 6 अन्य छात्र और एक शिक्षक घायल हुए थे।

अधिकारियों ने बताया था कि उस वक्त हमलावर ने हत्या के आरोपों में दोषी नहीं होने का अनुरोध किया था। उसने कहा था कि क्रिसमस पर उसके माता-पिता ने उसे उपहार के रूप में बंदूक दी थी, जिसे वह इस्तेमाल करना चाहता था।

### एडीजीपी कानून-व्यवस्था द्वारा होला महल्ला से पहले सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा

# पुलिस को आगामी त्योहार के लिए श्री आनन्दपुर साहिब में सुरक्षा के पुख़्ता प्रबंध करने के निर्देश

## दुनिया भर से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हेल्प डैस्क स्थापित किए जाएंगे

• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़



श्री आनन्दपुर साहिब में होला महल्ला के आगामी त्योहार के लिए पुख़्ता प्रबंधों को सुनिश्चित बनाने के लिए अतिरिक्त डायरैक्टर जनरल ऑफ पुलिस (ए.डी.जी.पी.) कानून और व्यवस्था अर्पित शुक्ला ने आज यहाँ श्री आनन्दपुर साहिब में सुरक्षा प्रबंधों का जायज़ा लिया, जिससे शांतमयी जश्नों को सुनिश्चित बनाया जा सके।

हर साल 3 दिन मनाया जाने वाला सिखों का त्योहार होला महल्ला 6 से 8 मार्च, 2023 तक श्री आनन्दपुर साहिब में मनाया जाएगा। रूपनगर रेंज के इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस गुरप्रीत सिंह भुल्लर, डिप्टी कमिश्नर रूपनगर प्रीति यादव और सीनियर सुपरीटेंडैंट ऑफ पुलिस (एसएसपी) रूपनगर विवेक शील सोनी के साथ समन्वय बैठक की अध्यक्षता करते हुए ए.डी.जी.पी अर्पित शुक्ला ने हिदायत की कि ख़ालसा पंथ की जन्म भूमि पर माथा टेकने के लिए दुनिया भर से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सुरक्षा के पुख़्ता प्रबंध किए जाएँ।

उन्हों ने आई.जी.पी और एस.एस.पी. को ट्रैफिक़ के सुचारू यातायात, वाहनों की पार्किंग, सुरक्षा प्रबंधों, श्रद्धालुओं के आने-जाने और ठहरने के प्रबंधों के लिए उपयुक्त योजना बनाने की हिदायत दी, जिससे श्रद्धालुओं को किसी किस्म की दिक्कत का सामना ना करना पड़े।

ए.डी.जी.पी. ने कहा कि इस बार लोगों के सुचारू यातायात और समाज विरोधी तत्वों पर नज़र रखने के लिए ड्रोन तैनात किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि लोगों के लिए महत्वपूर्ण जानकारी प्रदर्शित करने के लिए प्रमुख स्थानों पर बड़ी सक्रीनें लगाई जाएंगी। इसके अलावा श्रद्धालुओं की सुविधा और गुम हुई एवं पाई गईं वस्तुओं के लिए हेल्प डैस्क स्थापित किए जाएंगे।

गौरतलब है कि होला महल्ला का त्योहार पंजाबियों और विशेष तौर पर सिख समुदाय की चढ़दीकला का प्रतीक है और इस त्योहार के अवसर पर श्री आनन्दपुर साहिब की पवित्र धरती पर अलग-अलग स्थानों से श्रद्धालू यहाँ नतमस्तक होने के लिए आते हैं।

# भूजल को बचाने के लिए सीएम की बड़ी पहल

*भूजल के रीचार्ज के लिए तेलंगाना मॉडल को पंजाब में लागू करने की संभावना तलाशने का किया ऐलान*

• जालंधर ब्रीज.हैदराबाद



राज्य में भूजल के स्तर को और गिरने से रोकने के लिए बड़ा कदम उठाते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने आज इस कीमती प्राकृतिक संसाधन के संरक्षण और राज्य में भूजल के रीचार्ज की रफ्तार तेज़ करने के लिए तेलंगाना मॉडल को अपनाने की संभावना तलाशने का ऐलान किया है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ जल संसाधन के तेलंगाना मॉडल का विश्लेषण करने पहुँचे मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एक क्रांतिकारी मॉडल है, जिसका मंतव्य भूजल के स्तर को ऊपर उठाने के लिए पानी के रीचार्ज की रफ्तार तेज़ करना है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना सरकार ने राज्य भर में भूजल को बचाने के लिए गाँवों में छोटे-छोटे डैम बनाए हैं। भगवंत मान ने कहा कि इसके नतीजे के तौर पर गाँवों में भूजल का स्तर दो मीटर तक ऊपर आ गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भूजल को बचाने के लिए इस मॉडल को पंजाब में लागू करना आज के समय की ज़रूरत है। उन्होंने कहा कि इस मॉडल के विश्लेषण का हमारा एकमात्र मकसद आने वाली पीढियों के भले के लिए भूजल के गिरते स्तर को बचाना है। भगवंत मान को डैमों के दौरे के दौरान तेज़ी से घट रहे भूजल को बचाने की नई तकनीकों के बारे में भी अवगत करवाया गया। उन्होंने पानी बचाने और भूजल के स्तर को बढ़ाने के इस नए और अलग ढंग की सराहना की। मुख्यमंत्री ने बताया कि तेलंगाना ने इस बहु-समर्थकीय रणनीति की मदद से भूजल के स्तर को ऊँचा उठाकर अपनी समूची सिंचाई प्रणाली की कायाकल्प की है।

# आरटीए कार्यालयों में लोगों को परेशानी बर्दाश्त नहीं : भुल्लर

• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़



पंजाब के परिवहन मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर ने कुछ आर.टी.ए. कार्यालयों में लोगों को परेशानी की शिकायतों का गंभीर नोटिस लेते हुए ऐसे कर्मचारियों को ऐसी हरकतों से बाज़ आने की हिदायत की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स. भगवंत मान के नेतृत्व वाली सरकार लोगों को निर्विघ्न, परेशानी मुक्त और पारदर्शी ढंग से सरकारी सेवाएं मुहैया करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यह आम लोगों की सरकार है और लोगों को परेशान करने वाले किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को बख्शा नहीं जाएगा।

कैबिनेट मंत्री ने विभाग के प्रमुख सचिव विकास गर्ग को निर्देश दिए कि आर.टी.ए. कार्यालयों में काम करवाने के लिए आने वाले लोगों की शिकायतों पर तुरंत विचार किया जाए और दोषी पाए गए कर्मचारियों की पहचान कर उनके विरुद्ध बनती विभागीय कार्यवाही की जाए। इसी तरह भुल्लर ने स्टेट ट्रांसपोर्ट कमिश्नर मौनीश कुमार को भी हिदायत की कि वह आर.टी.ए. कार्यालयों का निरंतर औचक निरीक्षण सुनिश्श्चित बनाएं।

# केंद्र की योजनाओं का पैसा मोहल्ला क्लीनिकों पर खर्च रही सरकार

## कहा- पंजाब के संवेदनशील मुद्दों पर भी राजनीति करती है आम आदमी पार्टी

• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़



भारतीय जनता पार्टी पंजाब के प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने भगवंत मान सरकार पर एक बार फिर पंजाबियों से झूठ बोलने, धोखा देने, झूठे वादे कर सत्ता हथियाने और पंजाब के संवेदनशील मुद्दों का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पंजाब में जो 400 नए आम आदमी क्लीनिक खोले हैं, वे वास्तव में सभी पुराने डिस्पेंसरी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आदि हैं। उन्होंने कहा कि अमृतसर में पंज प्यारों के नाम पर बने स्वास्थ्य केंद्रों का नाम बदलकर आम आदमी क्लीनिक करना और वहां भगवंत मान की फोटो लगाना बेहद निंदनीय है।

अश्वनी शर्मा ने कहा कि आम आदमी पार्टी की भगवंत मान सरकार आम आदमी क्लीनिक खोलने के नाम पर केंद्र सरकार द्वारा भेजे गए करोड़ों रुपये का गबन करने में लगी है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को और आधुनिक सुविधाओं से लैस करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत केंद्रीय खजाने से अरबों रुपये मुहैया करा रही है और इस मिशन के तहत केंद्र सरकार की ओर से इस साल पंजाब को 438 करोड़ रुपए दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का यह पैसा आम आदमी क्लीनिक के नाम पर खर्च कर पंजाब सरकार पंजाबियों को मुर्ख बना रही है। अश्वनी शर्मा ने मुख्यमंत्री भगवंत मान से सवाल किया कि आप जिन 400 नए मोहल्ला क्लीनिकों को खोलने का दावा कर रहे हैं, उनमें से एक भी आम आदमी क्लीनिक बता दीजिए, जिस पर पंजाब सरकार ने खुद अपने खज़ाने का पैसा खर्च कर बनवाया हो या फिर किसी नै जगह पर बनवाया हो। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार केंद्र सरकार के पैसे का गलत इस्तेमाल कर इस मिशन का पैसा बर्बाद कर रही है। पंजाब सरकार ने आम आदमी क्लीनिकों के लिए नए डॉक्टरों और सहायक स्टाफ की कोई नई भर्ती नहीं की। इन आम आदमी क्लीनिकों की सेवाओं में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के, सरकारी अस्पतालों के डॉक्टर और स्टाफ ही लगाए जा रहे हैं। जिससे वहां ओपीडी व इमरजेंसी सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब में मोहल्ला क्लीनिक के उद्घाटन समारोह का बड़े पैमाने पर विरोध हो रहा है, लेकिन गूगी-बहरी भगवंत मान सरकार इसकी अनदेखी नहीं कर रही है।

# जिला ऊना के डेरा बाबा बड़भाग सिंह मैड़ी में होली मेला 27 से

• जालंधर ब्रीज.ऊना



हिमाचल प्रदेश के जिला ऊना के मैड़ी स्थित डेरा बाबा बड़भाग सिंह में होली मेले का आयोजन 27 फरवरी से 10 मार्च तक किया जा रहा है। इस बारे जानकारी देते हुए उपायुक्त, ऊना राघव शर्मा ने बताया कि होली मेला मैड़ी 27 फरवरी को आरंभ होगा, 7 मार्च को झंडे की रस्म अदा की जाएगी जबकि 9 मार्च व 10 मार्च की मध्यरात्रि दो बजे पंजा प्रसाद वितरित किया जाएगा। डीसी राघव शर्मा ने बताया कि जिला ऊना के इस प्रसिद्ध मेले में पंजाब के विभिन्न जिलों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु डेरा बाबा बड़भाग सिंह में माथा टेकने आते हैं। उन्होंने बताया कि ट्रकों, ट्रालों व ट्रैक्टर-ट्राली सहित अन्य मालवाहक वाहनों के माध्यम से श्रद्धालुओं के आने पर पूर्ण रुप से प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने कहा कि यदि मालवाहक वाहनों में कोई भी श्रद्धालु आते हैं तो उन्हें हिमाचल प्रदेश के प्रवेश द्वार पर रोक दिया जाएगा और चैक बैरियर से आगे नहीं जाने दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त वाहन मालिक के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। डीसी ऊना राघव शर्मा ने पंजाब से आने वाले श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे मैड़ी मेले में आने के लिए मालवाहक वाहनों का प्रयोग न करें। मेला में आने के लिए केवल बसों का ही प्रयोग करें।

# राष्ट्रीय मिलिट्री कॉलेज में पंजाब के बच्चों के लिए दाख़िला लेने का सुनहरा अवसर: जौड़ामाजरा

*आर.आई.एम.सी. देहरादून ने जनवरी 2024 टर्म के लिए आवेदन मांगे*

• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़



मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली सरकार पंजाब के अधिक से अधिक नौजवानों को भारतीय सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए प्रेरित कर रही है। रक्षा सेवा कल्याण मंत्री चेतन सिंह जौड़ामाजरा ने बताया कि राष्ट्रीय भारतीय मिलिट्री कॉलेज देहरादून, उत्तराखंड द्वारा जनवरी 2024 की टर्म के दाख़िले के लिए लिखित परीक्षा 3 जून 2023 ( शनिवार) को चंडीगढ़ के सैक्टर 15 स्थित लाला लाजपत राय भवन में करवाई जाएगी। उन्होंने आगे बताया कि लडक़े और लड़कियाँ दोनों ही आर.आई.एम.सी., देहरादून में दाख़िले के लिए आवेदन करने के योग्य हैं।

पंजाब सरकार द्वारा प्रति कैडिट प्रति वर्ष पंजाब के कैडिटों को 33,000 रुपए की छात्रवृत्ति राशि के रूप में दिए जाते हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा देने वाले उम्मीदवारों की उम्र 11 साल से कम और 1 जनवरी 2024 को 13 साल की नहीं होनी चाहिए, भाव उनका जन्म 2 जनवरी 2011 से पहले और 1 जुलाई, 2017 के बाद नहीं हुआ होना चाहिए। वह या तो सातवीं कक्षा में पढ़ रहे होने चाहिएं या किसी मान्यता प्राप्त स्कूल से सातवीं कक्षा पास कर चुके हों। चुने गए उम्मीदवारों को आठवीं कक्षा में दाख़िला दिया जाएगा। लिखित इम्तिहान में अंग्रेज़ी, गणित और सामान्य ज्ञान समेत तीन पेपर शामिल होंगे, जबकि मौखिक परीक्षा/ इंटरव्यू केवल उन उम्मीदवारों के लिए होगा जो लिखित परीक्षा में क्वालीफाई करेंगे और मौखिक परीक्षा की तारीख़ बाद में बताई जाएगी।

# अब अधिकारी लोगों के पास पहुंच कर हल करेंगे उनकी समस्याएं : ब्रम शंकर जिंपा

*कैबिनेट मंत्री जिंपा ने सुविधा कैंप में शिरकत कर डिप्टी कमिश्नर व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ सुनी 11 गांवों के लोगों की शिकायतें*

• जालंधर ब्रीज.होशियारपुर

मुख्य मंत्री पंजाब भगवंत मान के निर्देशों पर लोगों के उनके घरों के नजदीक अलग-अलग सरकारी सेवाएं मुहैया करवाने के लिए शुरु किए अभियान 'पंजाब सरकार आपके द्वार' के अंतर्गत आज होशियारपुर के गांव न्यू कालोनी चौहाल के कम्यूनिटी हाल में सुविधा कैंप लगाया गया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री पंजाब ब्रम शंकर जिंपा ने इस कैंप की शुरुआत की और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठ कर इलाकी की 11 पंचायतों के लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान मेयर सुरिंदर कुमार, डिप्टी कमिश्नर कोमल मित्तल व एस.डी.एम प्रीतइंदर सिंह भी मौजूद थे। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि इस तरह के सुविधा कैंपों में डिप्टी कमिश्नर, एस.डी.एम. के अलावा सभी विभागों के अधिकारी लोगों के पास पहुंच कर उनकी समस्याओं को सुनेंगे और उनका हल करेंगे। उन्होंने कहा कि अब अपनी समस्याओं के हल के लिए लोगों को अधिकारियों के पास जाने की जरुरत नहीं बल्कि अधिकारी लोगों के पास उनकी समस्याओं के समाधान के लिए पहुंच रहे हैं।

डिप्टी कमिश्नर कोमल मित्तल ने कहा कि उप मंडल होशियारपुर के अंतर्गत शुरु इस अभियान में न्यू कालोनी चौहाल, चौहाल, जे.सी.टी. चौहाल, मोहल्ला रामगढ़, सलेरन, नारी, आदमवाल, कोटला गौंसपुर, बसी गुलाम हुसैन, थथ्थल, अज्जोवाल के लोगों की समस्याएं सुनी गई। इस दौरान सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे ताकि कम समय में समस्याओं का निपटारा किया जा सके।



### कैबिनेट मंत्री ने एलीमेंट्री स्कूल आदमवाल को स्कूल जाकर भेंट किया फर्नीचर

कैबिनेट मंत्री ब्रम शंकर जिंपा ने कहा कि पंजाब सरकार की मुख्य प्राथमिकता स्वास्थ्य व शिक्षा है, और इन दोनों विषयों पर सरकार बहुत ही गंभीरता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि स्कूली शिक्षा को प्रदेश में नई मजबूती प्रदान की गई है, जिसके सार्थक परिणाम आने वाले समय में दिखेंगे। वे आज सरकारी एलीमेंट्री स्कूल आदमवाल में स्कूल को फर्नीचर का सामान भेंट करने के दौरान पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने स्कूल को कुर्सियां, टीचर टेबल, छोटी अल्मारियां आदि भेंट की। इस मौके पर उनके साथ मेयर सुरिंदर कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी(ए) संजीव गौतम व उप जिला शिक्षा अधिकारी(ए) सुखविंदर सिंह भी मौजूद थे। कैबिनेट मंत्री ने स्कूल के प्री-प्राइमरी के बच्चों को स्कूल ड्रेस भेंट करते हुए स्कूल के अध्यापकों से स्कूल की जरुरतों के बारे में जानकारी हासिल की। उन्होंने विश्वास दिलाया कि स्कूल के बुनियादी ढांचे के अलावा बच्चों की शिक्षा व खेल से जुड़ी हर जरुरत को जल्द पूरा कर लिया जाएगा।

# डीसी ने गुजरात गैस लिमिटेड को गैस पाइप लाइन बिछाने संबंधी दी जरुरी हिदायतें



• जालंधर ब्रीज.होशियारपुर

डिप्टी कमिश्नर कोमल मित्तल ने गुजरात गैस लिमिटेड अहमदाबाद के अधिकारियों को नगर सुधार ट्रस्ट होशियारपुर की स्कीम नंबर 2(राजीव गांधी एवेन्यू) में गैस पाइप लाइन डालने संबंधी जरुरी हिदायते जारी की है। चेयरमैन नगर निगम हरमीत सिंह औलख की मौजूदगी में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए डिप्टी कमिश्नर ने गुजरात गैस लिमिटेड के अधिकारी को हिदायत की कि गैस कंपनी की ओर से ट्रस्ट की स्कीम में जिस स्थान पर गैस पाइप लाइन बिछाई जानी है, उस स्थान की कंपैक्टिंग गैस कंपनी की ओर से की जाए। डिप्टी कमिश्नर ने निर्देश दिए कि इस पाइप लाइन से प्रभावित होने वाले विभागों की मुश्किलों को निश्चित समय में मुकम्मल किया जाए व यदि गुजरात गैस लिमिटेड की ओर से ट्रस्ट की स्कीम में ज्यादा क्षेत्र में गैस पाइप लाइन बिछाई जाती है तो उस संबंधी बनती फीस जमा करवाई जाए।

इस मौके पर कार्यकारी अधिकारी सुरिंदर कुमार, सहायक ट्रस्ट इंजीनियर मंदीप, सहायक कमिश्नर नगर निगम संदीप तिवारी, गुजरात गैस लिमिटेड जी.ए. हैड(होशियारपुर व गुरदासपुर) महिंदर दूबे, कार्यकारी इंजीनियर लोक निर्माण विभाग, कार्यकारी इंजीनियर पावर कार्पोरेशन, कार्यकारी इंजीनियर बी.एस. एन.एल, मैनेजर आईडिया कंपनी, मैनेजर एयरटेल कंपनी, मैनेजर रिलायंस कंपनी भी मौजूद थे।

# टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया को पछाड़ टेस्ट में बनी नंबर वन

## अब तीनों फॉर्मेट में भारत के सिर पर ताज, क्रिकेट के इतिहास में हुआ पहली बार

**मुंबई.** भले ही टी20 विश्वकप के सेमीफाइनल में मिली हार के बाद टीम इंडिया की खूब आलोचना हुई थी। लेकिन 2023 के दूसरे महीने में ही टीम इंडिया ने एक बड़ा इतिहास रच दिया है। दरअसल, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की ओर से क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट की ताजा रैंकिंग जारी की गई है। अब भारत क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में नंबर वन टीम बन गया है। भारत ने टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को पछाड़कर नंबर वन का ताज हासिल किया है। नागपुर में भारत को मिली एकतरफा जीत से टीम इंडिया को बड़ा फायदा हुआ है। नागपुर टेस्ट के बाद यह पहला मौका है, जब रैंकिंग अपडेट हुई है। क्रिकेट के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब एक ही साथ तीनों ही फॉर्मेट में भारत की टीम नंबर वन बनी है। भारतीय टीम टी20 और एकदिवसीय फॉर्मेट में पहले से ही नंबर वन पर थी। ऐसे में नागपुर में मिली बंपर जीत के बाद टेस्ट में भी टीम इंडिया नंबर वन पर पहुंच गई है। नागपुर में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को एक पारी और 132 रनों से हराया था। भारत की टीम पहली बार टेस्ट में 1973 में नंबर 1 बनी थी। इसके बाद टेस्ट में नंबर एक पर पहुंचने के लिए टीम इंडिया को लंबा इंतजार करना पड़ा। 2009 में महेंद्र सिंह धोनी की अगुवाई में टीम इंडिया टेस्ट में नंबर वन पर पहुंची थी। 2011 तक भारत टॉप पर रहा।



फोटो-बीसीसीआई

इसके बाद विराट कोहली की अगुवाई में 2016 में टीम इंडिया ने टेस्ट में नंबर वन की रैंकिंग हासिल की। 2020 तक भारत इस रैंकिंग पर काबिज रहा। तब से टीम इंडिया लगातार टॉप 3 की टीमों में शामिल थी। अब एक बार फिर से नंबर एक पर पहुंच गई है। टेस्ट रैंकिंग की बात की जाए तो भारत के पास 115 रेटिंग अंक है। ऑस्ट्रेलिया 111 के साथ दूसरे, इंग्लैंड 106 के साथ तीसरे पोजीशन पर है। वनडे भारत में 114 रेटिंग के साथ पहले पायदान पर है।

# मान को रोकने के लिए विरोधी पार्टियों व राज्यपाल का गठजोड़ : आप

• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़



आम आदमी पार्टी(आप) ने को कांग्रेस और अकाली नेताओं के जुबानी हमलों का जवाब दिया और कहा कि दरअसल कांग्रेस, बीजेपी और अकाली दल तीनों ही मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान को रोकने की कोशिश कर रहे हैं। पार्टी कार्यालय से जारी एक बयान में आप पंजाब के मुख्य प्रवक्ता मलविंदर सिंह कंग ने कहा कि मान सरकार न केवल जनहितैषी फैसले ले रही है, बल्कि पारंपरिक पार्टियों की सरकारों की दशकों से आम लोगों से की लूट पर से भी पर्दा हटा रही है। इसीलिए वे बौखलाहाट में एक के बाद एक बयानबाजी कर मान सरकार को रोकने की कोशिश कर रहे हैं।

जीरा शराब फैक्ट्री बंद करने के मामले में कंग ने विपक्षी दलों को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि बिक्रम मजीठिया और प्रताप बाजवा के बयान हास्यास्पद हैं। मैंने पहली बार सुना है कि कोई अपनी फैक्ट्री बंद करने के लिए पैसे दे रहा है। लेकिन यह साफ है कि फैक्ट्री को चालू रखने के लिए पैसा कौन खा रहा है। उन्होंने कहा कि सच तो यह है कि ये सभी लोग भगवंत मान से डरते हैं, एक तरफ अकेले भगवंत मान और दूसरी तरफ विरोधियों का नापाक गठजोड़ जो मुख्यमंत्री और उनकी पंजाब समर्थक कार्यो को रोकने की कोशिश कर रहा है।

### जैसे शक्तिमान ही गंगाधर है, वैसे ही प्रताप बाजवा ही प्रताप 'भाजपा' है : कंग

आप ने नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि प्रताप सिंह बाजवा ने 'भाजपा' की बोली बोल कर एक बार फिर अपना पंजाब विरोधी पक्ष पेश किया है। मुख्य प्रवक्ता मलविंदर सिंह कंग ने कहा कि एक तरफ कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता देश में शामिल होने, राज्यों की शक्तियों को बढ़ाने और संघीय ढांचे को मजबूत करने की बात करते हैं और दूसरी तरफ प्रताप सिंह बाजवा राज्यपाल का पक्ष ले रहे हैं। शायद वे भूल गए हैं कि भाजपा ने इसी राज्यपाल के पद का दुरुपयोग कर अरुणाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, गोवा, मध्य प्रदेश और कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार गिरा दी या बहुमत होने के बावजूद सरकार नहीं बनने दी। कंग ने कहा कि अच्छा होता बाजवा साहब पंजाब और पंजाब के लोगों के पक्ष में बोलते, लेकिन उनका भाषण सुनकर बीजेपी के प्रवक्ताा भी शर्म से पानी हो गए होंगे। कंग ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान होशियारपुर में सिर्फ टोल प्लाजा बंद करने गए थे, बल्कि वहां के लोगों को यह भी बताया कि कैसे पिछली अकाली-भाजपा और कांग्रेस की सरकारों की मेहरबानी से टोल प्लाजा ने आम लोगों से 300 करोड़ रुपये लूटे। 2013 में इस टोल प्लाजा को बंद करना था और नियमों की अनदेखी करने पर 60 करोड़ का जुर्माना भी लगा था। लेकिन अकाली-भाजपा सरकार ने न सिर्फ उसका जुर्माना माफ किया बल्कि 49 करोड़ रुपए की सब्सिडी के साथ टोल के घंटे भी बढ़ा दिए।

Printed, Published & Owner by ATUL SHARMA & Printed at SARANGLE PRINTERS, BASTI GUZAN JALANDHAR (PUNJAB) and Published from ATUL SHARMA, NN453 GOPAL NAGAR JALANDHAR (PUNJAB)
Editor : ATUL SHARMA*
*Responsible for selection of News under the PRB ACT. PUNHIN/2019/77863, All Rights Reserved. Reproduction in whole or in Part without permission is prohibited. All disputes shall be settled at Jalandhar jurisdiction only.